संख्या-134/1234/84-1-2013/922/13

प्रेषक,

धर्म चन्द्र पाण्डेय,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

नियंत्रक,
विधिक माप विज्ञान विभाग
उ0 प्र0 लखनऊ।

उपभोक्ता संरक्षण एवं बांट माप अनुभाग-1 लखनऊ दिनांक 18 दिसम्बर,2013

विषय- श्री राम अवध यादव वरिष्ठ निरीक्षक, बांट माप विज्ञान विभाग खतौली जिला मुजफ्फरनगर द्वारा फर्जी चालान किए जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कृपया आपके पत्र सं0-443/निविमावि-अधि-1(वि0प0) 72/2013 दिनांक 03 दिसम्बर, 2013 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि आपके पत्र में उल्लिखित श्री राम अवध यादव, वरिष्ठ निरीक्षक बांट माप विज्ञान विभाग खतौली जिला मुजफ्फरनगर के विरूद्व उप नियंत्रक विधिक माप विज्ञान मेरठ द्वारा की गई जॉच आख्या की प्रति शासन को उपलब्ध नही कराई गई है अत: अनुरोध है कि वरिष्ठ निरीक्षक मेरठ द्वारा की गयी जॉच आख्या की प्रति उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(धर्म चन्द्र पाण्डेय)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in